RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बर:- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com | editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्ष:13 | अंक: 280 | जयपुर, शुक्रवार, 13 नवम्बर 2026 | मूल्य: 2.00 रूपए | पृष्ठ : 8

अमिताभ के बंगले को फिर उड़ाने की धमकी

मुम्बई, आरएनएन। मुंबई में बम की धमकी वाले एक नए ईमेल में कई प्रमुख जगहों के साथ-साथ अभिनेता अमिताभ बच्चन के जुहू स्थित आवास जलसा का भी जिक्र है। जी हां, अमिताभ बच्चन के बंगले को बम से उड़ाने की ये धमकी तीसरी बार मिली

नए ईमेल में कई प्रमुख जगहों का जिक्र

है। इस मेल के बाद मुंबई पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी है और ईमेल में बताई गई जगहों की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, ईमेल में मुंबई की कई जगहों का जिक्र था, जिनमें मेयर का ऑफिस, एक बैंक, एक अदालत, अमिताभ बच्चन का बंगला, महालक्ष्मी रेसकोर्स और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शामिल हैं।

इस्तीफा चीनी जासूस से अफेयर के बाद किया ऐलान, अब कोलेट क्रेस के हाथ में होगी कंपनी की कमान

33 साल बाद एनवीडिया से जेनसन हुआंग की हुई विदाई

नई दिल्ली/संचार जगत

दुनिया की सबसे बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों में शामिल एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे के साथ ही कंपनी ने नए लीडरशिप की व्यवस्था का भी ऐलान कर दिया है।

फिलहाल कंपनी की कमान कंपनी की मौजूदा सीएफओ कोलेट क्रेस संभालेंगी। उन्हें अंतरिम सीईओ बनाया गया है। वहीं, कंपनी ने स्थायी सीईओ की तलाश भी शुरू कर दी है। एनवीडिया के बोर्ड की ओर से जारी बयान के मुताबिक, जेनसन हुआंग ने कंपनी के प्रेसिडेंट, सीईओ और बोर्ड सदस्य के पद से इस्तीफा दिया है। उनका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। यानी अब वह कंपनी के इन तीनों पदों पर नहीं रहेंगे। निदेशक मंडल और कंपनी ने उनके 33 साल के योगदान के लिए उनका धन्यवाद किया है। हालांकि, कंपनी के इस आधिकारिक बयान में जेनसन हुआंग के इस्तीफे की वजह नहीं बताई गई है। कंपनी ने साफ किया है कि नए सीईओ की नियुक्ति होने तक कोलेट क्रेस अंतरिम तौर पर यह जिम्मेदारी संभालेंगी।



ट्रंप को पता था जेनसन के अफेयर के बारे में

अमेरिका मीडिया के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को इस साल मई में चीन यात्रा से पहले ही इसकी जानकारी दे दी थी। ट्रम्प को खुफिया मेमो में बताया गया था कि हुआंग के संबंध एक ऐसी महिला से हैं, जिसे अमेरिकी अधिकारी चीनी जासूस मान रहे हैं। इसके बावजूद ट्रम्प हुआंग को बीजिंग ले गए थे। उन्होंने अलास्का से राष्ट्रपति के साथ एयर फोर्स वन विमान में यात्रा भी की थी। हालांकि, वाइट हाउस ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। इस बीच, अमेरिकी सांसदों ने जनवरी में कांग्रेस के नए सत्र के बाद मामले में विस्तृत जांच के संकेत दिए हैं। अमेरिकी अधिकारियों को शक था कि चीनी खुफिया एजेंसी ने एलिस को जेन्सन के करीब पहुंचने के लिए तैयार किया था। मकसद उनके जरिए एनवीडिया की आधुनिक एआई चिप्स और कंपनी के कारोबार से जुड़ी जानकारी जुटाना था।

हुआंग के दूसरे अफेयर का भी खुलासा

जेन्सन हुआंग की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। उनके निजी जीवन को लेकर एक के बाद एक दो महिलाओं के साथ संबंधों की खबरें सामने आई हैं। पहली महिला एलिस हुआंग हैं, जिन पर अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को चीन के लिए जासूसी करने का शक है। दूसरी महिला कंपनी की ही अधिकारी किम्बर्ली पॉवेल बताई जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हुआंग का एनवीडिया की हेल्थकेयर बिजनेस वाइस प्रेसिडेंट किम्बर्ली पॉवेल के साथ भी संबंध था। रिपोर्ट में कंपनी के पांच पूर्व कर्मचारियों के हवाले से यह दावा किया गया है। बताया गया है कि पॉवेल सीधे हुआंग को रिपोर्ट करती थीं। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। एनवीडिया ने भी इस पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की है। इससे पहले हुआंग ने एलिस हुआंग के साथ विवाहेतर संबंध होने की बात स्वीकार की थी। एलिस सिंगापुर की डेटा सेंटर कंपनी मेगास्पीड में वरिष्ठ अधिकारी रह चुकी हैं। अमेरिकी अधिकारियों को शक है कि वह चीन के लिए जानकारी जुटा रही थीं।

सुंदर पिचाई बने दुनिया के नंबर 1 ग्लोबल लीडर

नई दिल्ली/संचार जगत

फिलहाल पूरी दुनिया में एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग अपने अफेयर्स को लेकर चर्चा में हैं, इससे उनकी कंपनी एनवीडिया को भारी नुकसान हो रहा है।

इस बीच हाल ही में जारी एचएसबीसी हुरुन ग्लोबल इंडियंस लिस्ट 2026 की दुनियाभर में भारतीय लीडर्स की ग्लोबल लिस्ट में गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है। वहीं, माइक्रोन टेक्नोलॉजी के संजय मेहरोत्रा तीसरे और यूट्यूब के सीईओ नील मोहन तथा गूगल क्लाउड के थॉमस कुरियन टॉप-5 में शामिल हैं।



- सत्या नडेला को पीछे छोड़, संजय मेहरोत्रा तीसरे स्थान पर
- शीर्ष 200 कंपनियों का नेतृत्व कर रहे हैं भारतीय

▶ सेना चला रही है पहले बैच के अग्निवीरों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम

अग्निवीरों को एक और बड़ी राहत, 4 साल की सेवा के बाद कर सकेंगे शादी

सेना हटाएगी पाबंदी, दूसरे कार्यकाल में छुट्टियां बढ़ाने पर भी विचार, फिलहाल साल में 30 दिन की छुट्टी मिलती है, जबकि नियमित सैनिकों को कुल 90 दिन की छुट्टी दी जाती है

नई दिल्ली/संचार जगत

अग्निपथ योजना के तहत सेना में भर्ती होने वाले अग्निवीरों के लिए राहत की खबर है। चार साल की सेवा पूरी करने के बाद अग्निवीर शादी कर सकेंगे। यह छूट उन अग्निवीरों को भी मिलेगी जिन्हें मेरिट के आधार पर स्थायी सेवा के लिए चुना जाएगा।

इसके अलावा दो साल का सेवा विस्तार पाने वाले अग्निवीर भी शादी कर सकेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, शादी पर रोक केवल अग्निवीरों की शुरुआती चार साल की सेवा के दौरान रहेगी। इसके बाद वे इस पाबंदी से मुक्त होंगे। अग्निपथ योजना में साढ़े 17 से 21 साल की उम्र के युवाओं को भर्ती किया जाता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, तीनों सेनाएं पहले बैच के अग्निवीरों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम चला रही हैं। इसका मकसद उन्हें चार साल की सेवा पूरी होने के बाद मिलने वाले विकल्पों और नए नियमों की जानकारी देना है। इस कार्यक्रम में शादी से जुड़े नियम भी समझाए जा रहे हैं। खास तौर पर उन अग्निवीरों को लेकर स्थिति स्पष्ट की जा रही है जो दो साल का सेवा विस्तार यानी दूसरा कार्यकाल चुनेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, सेवा विस्तार लेने वाले अग्निवीरों की वैवाहिक स्थिति की भी जांच की जाएगी। सेना चाहती है कि अग्निवीर आगे की सेवा को लेकर सोच-समझकर फैसला लें।



राष्ट्रीय राइफल्स में तैनाती पर विचार

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि सेना चार साल की सेवा पूरी कर चुके अग्निवीरों को जम्मू-कश्मीर में तैनात राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) की इकाइयों में भेजने की संभावना पर भी विचार कर रही है। राष्ट्रीय राइफल्स की ये इकाइयां आतंकवाद विरोधी अभियानों में तैनात रहती हैं। इसमें मेरिट के आधार पर स्थायी सेवा के लिए चुने गए 25 फीसदी अग्निवीरों के साथ दो साल का सेवा विस्तार पाने वाले अग्निवीर भी शामिल हो सकते हैं। अब तक अग्निवीरों को राष्ट्रीय राइफल्स जैसी विशेष इकाइयों में तैनात नहीं किया गया था। इसकी एक वजह यह थी कि चार साल की शुरुआती सेवा के दौरान उनकी कार्यक्षमता और प्रदर्शन का आकलन करने के लिए इन इकाइयों की व्यवस्था उपयुक्त नहीं मानी गई थी।

अग्निपथ योजना में हाल ही में हुआ है बदलाव

केंद्र सरकार ने अग्निपथ योजना में बदलाव को मंजूरी दे दी है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एनएस राजासुब्रमणि ने 4 नवंबर को संशोधित योजना की जानकारी दी थी। नए बदलाव फिलहाल सेना में मौजूद करीब 3 लाख अग्निवीरों पर लागू होंगे। संशोधित व्यवस्था के तहत अग्निवीरों को चार साल की सेवा के बाद दो साल का अतिरिक्त मौका मिलेगा। तय पात्रता शर्तों को पूरा करने और अपनी सहमति देने वाले अग्निवीर इस अवधि के बाद नियमित सैनिक के रूप में स्थायी सेवा में शामिल हो सकेंगे। यह बदलाव ऐसे समय किया गया है जब अग्निपथ योजना के पहले बैच के अग्निवीरों की चार साल की सेवा पूरी हो रही है। पहले के नियमों के मुताबिक, इनमें से 25 फीसदी को ही मेरिट के आधार पर 15 साल की अतिरिक्त सेवा के लिए चुना जाना था जबकि बाकी 75 फीसदी को सेवा से मुक्त किया जाना था। करीब 18,300 अग्निवीरों की सेवा नवंबर के मध्य से 31 दिसंबर के बीच पूरी होने वाली थी। ये सेना, वायुसेना और नौसेना में पहले चरण के तहत भर्ती किए गए कुल 24400 अग्निवीरों का हिस्सा हैं। संशोधित योजना के साथ अब सरकार का जोर अग्निवीरों को सेना में आगे सेवा जारी रखने के विकल्प देने और उनकी सेवा से जुड़े नियमों को स्पष्ट करने पर है।

महिला आरक्षण के लिए विशेष सत्र बुलाने की तैयारी में सरकार

बिल पास कराने 361 वोटों की जरूरत, मिल सकते हैं बहुमत से 15-18 वोट अधिक, पिछला विधेयक नहीं हो पाया था पारित

नई दिल्ली/संचार जगत

महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए केंद्र सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार सरकार को भरोसा है कि विधेयक को दो-तिहाई बहुमत से पारित कराने के लिए जरूरी संख्या जुटा ली जाएगी। सरकार को भरोसा है कि बहुमत से 15-18 वोट अधिक मिल सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि सरकार को जरूरी समर्थन मिलने का भरोसा है, हालांकि प्रस्तावित विशेष सत्र की तारीख और अवधि के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने के लिए सरकार को लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत यानी 361 वोटों की जरूरत होगी। लोकसभा में कुल 543 सीटें हैं, जिनमें से फिलहाल तीन सीटें खाली हैं। प्रस्तावित संविधान संशोधन के तहत परिसीमन के जरिए लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या बढ़ाकर अधिकतम 850 करने का प्रस्ताव है। इससे संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का रास्ता साफ होगा। यह कदम ऐसे समय उठाया जा रहा है, जब इससे पहले 17 अप्रैल को बजट सत्र की विशेष बैठक के दौरान लोकसभा में इसी तरह का संविधान संशोधन विधेयक जरूरी समर्थन हासिल नहीं कर पाया था। मानसून सत्र को सत्रावसान किए बिना 91 दिन हो चुके हैं। इसने 2008 में बने 87 दिनों के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।



मानसून सत्र अब तक औपचारिक रूप से समाप्त नहीं

संसद का मानसून सत्र 13 अगस्त को दोनों सदनों के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद भी औपचारिक रूप से समाप्त नहीं किया गया है। इसे अब तक प्रोरोग यानी सत्रावसान नहीं किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, मानसून सत्र को बिना सत्रावसान किए रखने से विशेष बैठक या विस्तारित बैठक की संभावना बनी हुई है। यह सत्र अब 91 दिनों से बिना सत्रावसान के है. इससे पहले 2008 में 87 दिनों का रिकॉर्ड था। मौजूदा सत्र के भीतर विस्तारित बैठक बुलाने के लिए कम से कम दो दिन का नोटिस जरूरी है। वहीं, नया सत्र बुलाने के लिए कम से कम 14 दिन पहले सूचना देनी होती है।

1971 की जनगणना के आधार पर रह सकता है सीटों का अनुपात

सरकार के सामने दक्षिणी राज्यों की चिंताओं को दूर करना भी एक अहम मुद्दा है। प्रस्ताव के मुताबिक, सभी राज्यों की लोकसभा सीटों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी की जा सकती है। सूत्रों के अनुसार, नए मसौदे में 1971 की जनगणना के आधार पर राज्यों के बीच मौजूदा सीट अनुपात बनाए रखने का विकल्प भी शामिल है। हालांकि, इस पर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। संविधान में सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने के बाद सत्रावसान के लिए कोई तय समय सीमा नहीं दी गई है। लंबे समय तक सत्र का औपचारिक सत्रावसान नहीं होना अपने आप में संवैधानिक या प्रक्रियागत गड़बड़ी नहीं माना जाता।

नेतन्याहू को पीएम बनने से रोकने का बिल लाए आइजनकोट



संचार जगत

तेल अवीव। इजराइल में बेंजामिन नेतन्याहू को प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए गादी आइजनकोट ने स्पेशल बिल पेश किया है। इसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार का मुकदमा झेल रहे नेता प्रधानमंत्री नहीं बन सकेंगे। नेतन्याहू पर अभी भ्रष्टाचार के 3 मामले चल रहे हैं, बिल पास हुआ तो वे अब इजराइल के पीएम नहीं बन पाएंगे। आइजनकोट और उनके सहयोगी बुधवार को इजराइली संसद में कुल 8 बिल लाए। इनमें प्रधानमंत्री पद पर रहने का समय तय करने और नेतन्याहू सरकार के कुछ पुराने फैसले रद्द करने का प्रावधान है। आइजनकोट का प्रस्ताव है कि कोई भी व्यक्ति तय समय से ज्यादा प्रधानमंत्री के पद पर न रह सके। इसके लिए पीएम के कार्यकाल की अधिकतम अवधि तय की जाएगी।

ज्वैलरी शोरूम की दीवार में छेद कर 10 करोड़ के जेवर ले उड़े चोर

कटनी के बरगवां में सुबह 4 से सात बजे के बीच दिया घटना को अंजाम, दुकान खुलने के बाद हुआ खुलासा

नई दिल्ली/संचार जगत

जिले में शातिर चोरों ने एक ज्वैलरी शोरूम को निशाना बनाकर करीब 10 करोड़ रुपये के हीरे, सोने और चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। वारदात माधवनगर थाना क्षेत्र के बरगवां स्थित किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी शोरूम में हुई।

चोर शोरूम की पिछली दीवार में सेंध लगाकर अंदर दाखिल हुए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, चोर सुबह करीब 4 से 7 बजे के बीच शोरूम में घुसे। उन्होंने दीवार में छेद कर अंदर प्रवेश किया और कीमती आभूषण समेटकर फरार हो गए। रोजाना की तरह जब कर्मचारियों ने सुबह शोरूम खोला तो अंदर सामान बिखरा देखकर उनके होश उड़ गए।



गिरफ्तारी के लिए 5 विशेष टीमें गठित

एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि करीब 10 करोड़ रुपये के जेवर चोरी हुए हैं। आरोपियों की तलाश के लिए पांच विशेष टीमें गठित की गई हैं। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस को आशंका है कि वारदात में किसी बड़े गिरोह का हाथ हो सकता है। किसना ज्वैलरी शोरूम माधवनगर थाने से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर है। ऐसे में इतनी बड़ी चोरी ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले का खुलासा करने का दावा किया है।

केजरीवाल और बेटी को जान से मारने की धमकी

नई दिल्ली, आरएनएन। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और उनकी बेटी हर्षिता केजरीवाल को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने दोनों की जान बख्शने के बदले 7 करोड़ रुपये की मांग की है। आरोप है कि इस शख्स ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया है। दिल्ली की तिलक नगर विधानसभा सीट से आप विधायक जरनैल सिंह ने इस मामले में पंजाब पुलिस से शिकायत की है। उनकी शिकायत के आधार पर मोहाली के एसएएस नगर स्थित साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत के मुताबिक, 6 नवंबर को एक अज्ञात व्यक्ति ने जरनैल सिंह को फोन किया था।



लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर मांगे 7 करोड़ रुपये

IIT खड़गपुर से भी छात्र कर सकेंगे पीजी मेडिकल कोर्स

देश का पहला IIT जहां होगी मेडिकल की पढ़ाई, एनएमसी ने दे दी है मंजूरी

नई दिल्ली/संचार जगत

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), खड़गपुर देश का पहला ऐसा आईआईटी बन गया है, जो नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) से मान्यता प्राप्त पोस्टग्रेजुएट (पीजी) मेडिकल डिग्री प्रोग्राम शुरू करने जा रहा है।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 से, संस्थान डॉ बीसी रॉय मल्टी-स्पेशियलिटी मेडिकल रिसर्च सेंटर में एमडी छात्रों के अपने पहले बैच का स्वागत करेगा। यह आईआईटी सिस्टम के लिए पोस्टग्रेजुएट (पीजी) मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा और क्रांतिकारी विस्तार है। आईआईटी खड़गपुर देश का पहला स्थापित आईआईटी भी है।



पहला बैच इतिहास में होगा दर्ज

यह पहला बैच भारत के आईआईटी सिस्टम के इतिहास में पोस्टग्रेजुएट मेडिकल छात्रों की पहली पीढ़ी बनने का गौरव हासिल करेगा। पहले बैच के लिए, संस्थान छह विषयों में एमडी प्रोग्राम शुरू कर रहा है। इनमें जनरल मेडिसिन, रेडियोलॉजी, फिजियोलॉजी, पैथोलॉजी, कम्युनिटी मेडिसिन और बायोकेमिस्ट्री में से प्रत्येक विषय के लिए दो-दो सीटें उपलब्ध होंगी।

पासदारान-ए-हुर्रियत ने ली हमले की जिम्मेदारी

नई दिल्ली, आरएनएन। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों की एक बड़ी साजिश को सुरक्षाबलों ने अपनी मुस्तैदी से नाकाम कर दिया है। सीआरपीएफ की टीम पर हमला करके आतंकी बहुत बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे लेकिन जांबाज जवानों की सतर्कता ने आतंकियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

आतंकियों के इस हमले में सीआरपीएफ के 3 जवान घायल हो गए हैं जिनमें से एक की हालत गंभीर है। इस आतंकी हमले के पीछे अब तक लश्कर-ए-तैयबा का हाथ बताया जा रहा था। हालांकि, अब एक अन्य संगठन पासदारान-ए-हुर्रियत कश्मीर ने इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली है। कुलगाम में हुए आतकी हमले की जिम्मेदारी लेते हुए पासदारान-ए-हुर्रियत कश्मीर ने एक नोटिस भी जारी किया है।।

दी धमकी, हिंदुत्व शासन और आरएसएस पर हमले करेंगे

मुख्य सचिव ने की जश्न की तैयारियों की समीक्षा

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में 8 से 25 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सचिवालय में सचिवों की समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट को प्रमुख आयोजनों में से एक बताया और कहा कि इस बार युवाओं के लिए नई गतिविधियां और प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं भी कार्यक्रमों में शामिल की गई हैं। तीन दिवसीय ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट का आयोजन जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में प्रस्तावित है। युवाओं के लिए नवाचार सम्मेलन के साथ खेलो राजस्थान, शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न प्रतियोगिताएं और प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं शुरू करने की योजना है। राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव एवं कौशल मेला, नारी शक्ति सम्मेलन और राष्ट्रीय सरस मेला भी प्रस्तावित कार्यक्रमों में शामिल हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सभी जिलों में शिविर लगाने की योजना है। शेखावाटी हेरिटेज मीट और प्रवासी राजस्थानी दिवस के आयोजन के साथ जैसलमेर में पर्यटन सम्मेलन और लोक कला उत्सव का शुभारंभ प्रस्तावित है। कार्यक्रमों की श्रृंखला में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाने की तैयारी है। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने वित्त (व्यय), संसदीय कार्य, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार तथा कार्मिक विभागों के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की।

डेमोक्रेटिक नेताओं ने ईरान युद्ध समाप्त करने का बनाया दबाव



संचार जगत

वाशिंगटन। कांग्रेस में डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े सैन्य दिग्गज सांसदों और हाल ही में निर्वाचित उनके सहयोगियों ने ईरान युद्ध को समाप्त करने की मांग की है। वहीं, उनकी पार्टी ने वेटरन्स डे के अवसर पर सैन्य कर्मियों के लिए अधिक मजबूत सुरक्षा उपायों और पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य सेवा लाभों तक व्यापक पहुंच की वकालत की। पेंसिल्वेनिया से डेमोक्रेटिक प्रतिनिधि और इराक युद्ध के पूर्व सैनिक क्रिस डेलूजियो ने युद्ध समाप्त करने और पूर्व सैनिकों के साथ खड़े होने की अपील के तहत संयुक्त बयान की घोषणा की। डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के अध्यक्ष केन मार्टिन तथा पार्टी की वेटरन्स एंड मिलिट्री फैमिलीज काउंसिल के सह-अध्यक्ष ऑटो ली और मार्ज हॉफा ने कहा कि सैन्य सेवा का सम्मान करने का अर्थ उन निर्णयों की भी समीक्षा करना है, जो सैनिकों को खतरे में डालते हैं। उन्होंने संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों के साथ-साथ जीवनयापन की लागत कम करने, स्वास्थ्य सेवाओं तक व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने और सैन्य परिवारों की सुरक्षा मजबूत करने का संकल्प लिया। इस बीच, व्हाइट हाउस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पूर्व सैनिकों के समर्थन संबंधी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। आर्लिंग्टन नेशनल सेमेट्री में ट्रंप ने कहा कि जब तक मैं संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति हूं, हम हमेशा उनके प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे।

बीजेपी मुख्यालय में दीपावली मिलन समारोह

पीएम मोदी बोलः प्रेस रिलीज से इंस्टा रील तक मीडिया का लंबा दौर देखा



संचार जगत

नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में इस कार्यक्रम की मेजबानी की। समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा भी शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया के साथ अपने पुराने संबंधों और बदलते दौर के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रेस रिलीज से लेकर इंस्टा रील तक मीडिया के कामकाज और संवाद के लंबे सफर को करीब से देखा है। मोदी ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि नई पीढ़ी के कई साथी आज यहां मौजूद हैं, लेकिन पुराने लोग जानते हैं कि उनका मीडिया जगत के साथ लंबे समय से सहज संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि प्रेस रिलीज से लेकर इंस्टा रील तक मैंने मीडिया का, मीडिया संवाद का एक लंबा दौर देखा है। प्रधानमंत्री ने भाजपा के पुराने कार्यालय अशोक रोड से जुड़ी यादें साझा करते हुए बताया कि उन दिनों भी दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। इन कार्यक्रमों में उनकी जिम्मेदारी कुर्सियां लगाने और मेहमानों की देखरेख करने की होती थी। उन्होंने कहा कि उस दौर में कैमरे कम हुआ करते थे, लेकिन मीडिया के लोगों के साथ रिश्तों में आत्मीयता वैसी ही थी।

अचानक हमले की क्षमता व दुश्मन के अप्रत्याशित कदम से निपटने की तैयारी है जरूरीः राजनाथ सिंह

संचार जगत



नई दिल्ली। नई दिल्ली में वायुसेना कमांडर्स कांफ्रेंस आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथसिंह ने की। इस दौरान उन्होंने वायुसेना की डिजिटल और तकनीकी क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए उसके द्वारा विकसित एआई आधारित कई नए अनुप्रयोगों की भी शुरुआत की। रक्षा मंत्री ने कहा कि आधुनिक युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अब लड़ाई केवल पारंपरिक युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि मिसाइलों, ड्रोन और अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों के जरिए युद्ध के नए तरीके सामने आ रहे हैं। दुश्मन को आश्चर्यचकित कर देने वाली कार्रवाई, किसी अप्रत्याशित कदम से निपटने की तैयारी भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहद जरूरी हैं। आधुनिक युद्ध में इसी रणनीति को अहम बताते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय वायुसेना को अपनी आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं को लगातार मजबूत करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध केवल लड़ाकू विमानों की संख्या से नहीं, बल्कि तकनीकी श्रेष्ठता, तेजी से जवाब देने की क्षमता और सटीक तैयारी से जीते जाएंगे।

हजारों पुलिसकर्मियों को किया तैनात

प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से पहले शहर में हुई कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

संचार जगत



बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेंगलुरु दौरे से पहले शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शहर में हजारों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर रख रहा है। बेंगलुरु पुलिस ने उन सभी रास्तों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं, जिनसे होकर प्रधानमंत्री गुजरेंगे। एसपीजी अधिकारी लगातार सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं और बेंगलुरु पुलिस के साथ तालमेल बिठाकर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से पहले बेंगलुरु शहर के पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने बुधवार को निषेधाज्ञा जारी की है। इसके तहत शहर में तीन जगहों के एक किलोमीटर के दायरे को अस्थायी रूप से नो-फ्लाई जोन घोषित किया गया है। प्रधानमंत्री सबसे पहले आर.ए. मंदुरकर फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज ट्रेनिंग सेंटर कैंपस पहुंचेंगे, जहां से वे तावरेकेरे मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे आईआईएम-बी ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद, वे चामुंडी पहाड़ी की तलहटी में नम्मा मैसूरु, नम्मा कोडुगे पहल के तहत विकसित किए गए एक छोटे जंगल भारत वन का उद्घाटन करेंगे। वे मैसूरु में भारत के पहले टिल्टेड डोम एलईडी तारामंडल का उद्घाटन करेंगे। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स और मैसूरु विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से 118 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गई इस सुविधा में 150 से 160 लोगों के बैठने की जगह है। इसे छात्रों और पर्यटकों, दोनों के लिए डिजाइन किया गया है। भारत वन कार्यक्रम के बाद, वे आधिकारिक कार्यों के लिए कॉसमॉस' कार्यक्रम स्थल जाएंगे।

भांकरोटा में वृद्ध महिला से सोने का ज्योल्या चोरी करने वाली गुजराती गैंग का पर्दाफाश, 24 घंटे में दो आरोपी गिरफ्तार

ऑटो में घर छोड़ने का झांसा देकर वृद्ध महिलाओं को बनाते थे निशानाः सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने किया खुलासा

संचार जगत



जयपुर। राजधानी जयपुर के भांकरोटा थाना क्षेत्र में वृद्ध महिला को घर छोड़ने का झांसा देकर उसके गले से सोने का ज्योल्या चोरी करने वाली गुजराती गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। भांकरोटा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात के 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त ऑटो भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान क्रिश सोलंकी और कविता परमार के रूप में हुई है। वहीं, गैंग की एक अन्य महिला सदस्य की तलाश जारी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि 11 नवंबर 2026 को जुगल किशोर मीणा निवासी पंचवटी कॉलोनी, कमला नेहरू नगर ने अपनी वृद्ध बहन छोटा देवी के साथ भांकरोटा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट के अनुसार छोटा देवी अपने ससुराल डीसीएम, अजमेर रोड से भाई दूज के अवसर पर अपने भाई के घर जा रही थीं। वह मजार कट के पास बस से उतरकर कमला नेहरू नगर की ओर पैदल जा रही थीं। इसी दौरान एक ऑटो चालक ने उनके पास ऑटो रोका। ऑटो में बैठी दो महिलाओं ने उन्हें बुजुर्ग होने का हवाला देते हुए घर तक छोड़ने का भरोसा दिलाया। महिलाओं की बातों पर विश्वास कर छोटा देवी ऑटो में बैठ गईं। आरोपियों ने उन्हें अपने बीच में बैठा लिया। कमला नेहरू नगर पुलिया के पास उतरने के बाद जब उन्होंने अपने गले में पहना सोने का ज्योल्या संभाला तो वह गायब मिला। पूछताछ करने पर आरोपी ऑटो लेकर मौके से फरार हो गए। इस संबंध में पुलिस ने प्रकरण संख्या 360/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस तरह देते थे वारदात को अंजाम पुलिस के अनुसार आरोपी किराये का ऑटो लेकर अपनी बहन कविता परमार और पत्नी छिन्कू के साथ जयपुर शहर में घूमते थे। उनका निशाना मुख्य रूप से पैदल चलने वाली वृद्ध महिलाएं होती थीं। ऑटो में बैठी महिलाएं बुजुर्गों को घर छोड़ने का झांसा देकर ऑटो में बैठा लेती थीं। इसके बाद ऑटो में बैठाने, रास्ते में या उतरते समय उनका ध्यान भटकाकर गले में पहनी सोने-चांदी की ज्वेलरी, पर्स में रखे पैसे और बैग से सामान चोरी कर फरार हो जाते थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी इससे पहले भी जयपुर शहर में कई स्थानों पर इस तरह की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा गैंग की अन्य महिला सदस्य छिन्कू की तलाश की जा रही है।

सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम राजेश गुप्ता के सुपरविजन में एसीपी बगरू धर्मेंद्र कुमार शर्मा तथा भांकरोटा थानाधिकारी दीपक त्यागी के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा तकनीकी सहायता से आरोपियों के आने-जाने का रूट मैप तैयार किया। लगातार तलाश के बाद पुलिस ने क्रिश सोलंकी और उसकी बहन कविता परमार को वारदात में इस्तेमाल ऑटो सहित दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया।

राज्य-स्तरीय बाल प्रतिभा समारोह का होगा आयोजन



संचार जगत

जयपुर। बाल दिवस पर उभरती हुई बाल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और उन्हें सम्मानित करने के उद्देश्य से 14 नवंबर को राज्य-स्तरीय प्रतिभा सम्मान एवं प्रोत्साहन समारोह अभिनन्दन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रारब्ध फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के सानिध्य में संपन्न होगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष आनंद विवेक सचिन ने बताया कि राजस्थान के 18 वर्ष तक की आयु के ऐसे होनहार बच्चों को अभिनन्दन समारोह में सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही, कम उम्र में समाजहित और सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को भी विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा।

त्योहारी सीजन में रेलवे से मिली सौगात

संचार जगत

दौसा। रेलवे द्वारा त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए खातीपुरा जयपुर- रींगिया-खातीपुरा के बीच एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। जिससे राजस्थान, यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के यात्रियों को आने-जाने के लिए राहत मिलेगी। साथ ही त्योहारी सीजन में यात्रीभार कम करने में भी मदद मिलेगी। दौसा और बांदीकुई में भी इसका ठहराव होगा। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 09731 खातीपुरा-रींगिया स्पेशल ट्रेन 14 नवंबर शनिवार को खातीपुरा से सुबह 7:40 बजे रवाना होकर रविवार को रात 11 बजे रींगिया पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 09732 रींगिया-खातीपुरा स्पेशल ट्रेन 16 नवंबर सोमवार को रींगिया से सुबह 6 बजे रवाना होकर मंगलवार को रात 11:40 बजे खातीपुरा पहुंचेगी। 20 एलएचबी कोच की यह ट्रेन दौसा, बांदीकुई, भरतपुर होते हुए रींगिया तक जाएगी।



खाद्य सचिव ने किया राजस्थान संपर्क केंद्र का निरीक्षण

संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों के क्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के शासन सचिव डॉ. रोहित गुप्ता ने सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पात्र परिवारों को समय पर राशन उपलब्ध कराने और पिछले माह राशन नहीं देने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डॉ. गुप्ता ने वीडियो कॉल के माध्यम से परिवादियों और जिला रसद अधिकारियों से संवाद किया। उन्होंने सभी जिला रसद अधिकारियों को राशन विक्रेताओं से नियमित रूप से मिलने और वितरण की अद्यतन जानकारी रखने के निर्देश दिए। डॉ. गुप्ता ने राजस्थान संपर्क पोर्टल की कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सुविधा के बारे में भी जानकारी ली और इसे सुविधाजनक और जनोपयोगी बताया। इस अवसर पर विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

छठ पर्व पर घर लौटने की तैयारी

मुंबई। देशभर के अलग-अलग हिस्सों से बड़ी संख्या में यात्री छठ पूजा नजदीक आने के साथ अपने गृह नगरों के लिए रवाना हो रहे हैं। मुंबई के रेलवे स्टेशनों पर भी यात्रियों की भारी भीड़ है। इस बीच यात्रियों को ट्रेन और टिकटों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। हालांकि, यात्रियों ने स्टेशनों पर ठहरने और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संतोष जताया। लोकमान्य तिलक

समुद्र में जहाजों के लिए नई तकनीक विकसित



संचार जगत

नई दिल्ली। जहाजों को अब वास्तविक समुद्री परिस्थितियों में उतारे बिना भी उनकी सुरक्षित आवाजाही और टक्कर से बचने की तकनीक का परीक्षण किया जा सकेगा। आईआईटी मद्रास के शोधकर्ताओं ने सीनेव नाम का एक आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया है। इसकी मदद से समुद्र की लहरों, मौसम, जहाजों की आवाजाही और आसपास मौजूद दूसरे जहाजों जैसी परिस्थितियों को आभासी दुनिया में हूबहू तैयार किया जा सकता है। इस प्लेटफॉर्म पर स्वचालित जहाजों की दिशा तय करने, रास्ते पर चलने और दूसरे जहाजों से टक्कर बचाने वाली तकनीकों का परीक्षण किया जा सकेगा। खास बात यह है कि शोधकर्ताओं ने इस प्लेटफॉर्म पर एआई की मदद से जहाजों को खुद रास्ता चुनने और टक्कर से बचने में सफलतापूर्वक काम करते हुए भी दिखाया है। आईआईटी मद्रास के महासागर इंजीनियरिंग विभाग ने यह प्लेटफॉर्म तैयार किया है। इसमें डिजिटल प्रतिरूप, एआई, आभासी वास्तविकता और कई तरह के सेंसर से मिलने वाली जानकारियों को एक साथ इस्तेमाल किया गया है। इसका उद्देश्य ऐसे जहाजों के विकास और परीक्षण को आसान बनाना है, जो बिना मानवीय नियंत्रण के खुद समुद्र में रास्ता तय कर सकें। साथ ही, समुद्री पेशेवरों और जहाज चलाने वालों को भी वास्तविक परिस्थितियों जैसा प्रशिक्षण दिया जा सकेगा।

न्यूजीलैंड के जैकब्स ने लिस्ट- ए मैच में लगाए 21 छक्के, विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूके

नई दिल्ली/संचार जगत

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज बेवन जैकब्स ने अपने लिस्ट-A करियर में दोहरा शतक लगाने का कारनामा किया। इस समय खेली जा रही फोर्ड ट्रॉफी के मुकाबले में ऑकलैंड का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने ओटागो के खिलाफ नाबाद 202 रन बनाए। यह उनके लिस्ट-ए करियर का पहला ही दोहरा शतक साबित हुआ। उन्होंने अपनी इस अविश्वसनीय पारी में 21 छक्के लगाए।

जोरदार रही जैकब्स की पारी

ऑकलैंड की ओर से खेलते हुए जैकब्स ने 132 गेंदों में नाबाद 202 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 21 छक्के शामिल रहे। ओटागो के खिलाफ नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने दोहरा शतक लगाया। उनकी पारी की मदद से ऑकलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर के बाद 334/8 का स्कोर बनाया। जवाब में ओटागो ने 49.1 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल किया। जैकब्स का दोहरा शतक भी जीत नहीं दिला सका।



दोहरा शतक लगाने वाले चौथे कीवी बल्लेबाज

दाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज जैकब्स अब लिस्ट-A एक्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के सिर्फ चौथे बल्लेबाज बने हैं।उनसे पहले जेमी हाऊ, मार्टिन गुप्टिल, और चैड बोव्स ऐसा कर चुके थे। इनमें से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दोहरा शतक सिर्फ गुप्टिल (बनाम वेस्टइंडीज, 2015) ने लगाया हुआ था। वहीं, हाऊ ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से और बोव्स ने कैंटरबरी का प्रतिनिधित्व करते हुए ऐसा किया है।

टी-20 सीरीज में खेलते हुए दिखे थे जैकब्स

जैकब्स हाल ही में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने सीरीज में क्रमशः 31, 58, 39*, 7 और 1 रन के स्कोर किए थे। न्यूजीलैंड की ओर से उन्होंने 16 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 31.90 की औसत और 144.34 की स्ट्राइक रेट के साथ 319 रन बनाए हैं। उन्होंने कोई वनडे अंतरराष्ट्रीय नहीं खेला है। अपने लिस्ट-ए करियर में उन्होंने 29 पारियों में 870 रन बनाए हुए हैं।

छक्कों का विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूके

जैकब्स अब लिस्ट-ए क्रिकेट की एक पारी में दूसरे सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। बता दें कि यह विश्व रिकॉर्ड डार्सी शॉर्ट के नाम पर दर्ज है, जिन्होंने 2018 में क्वींसलैंड के खिलाफ 23 छक्के लगाए थे। इन दोनों के अलावा किसी अन्य बल्लेबाज ने एक पारी में 20 छक्के नहीं लगाए हैं। इस सूची में तीसरे सर्वाधिक छक्के वाले खिलाड़ी नामीबिया के गेरी स्नाइमैन (17 छक्के बनाम यूएई, 2007) और इयोन मॉर्गन (17 छक्के बनाम अफगानिस्तान, 2019) हैं।

खबर संक्षेप



फिट हुए पंत, न्यूजीलैंड के लिए भरेंगे उड़ान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम और कप्तान शुभमन गिल के लिए राहत की खबर है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस क्लीयरेंस मिल गया है। वह जल्द ही न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पंत ने 10 और 11 नवंबर को फिटनेस और सिमुलेशन (अभ्यास आधारित परीक्षण) से जुड़े 2 परीक्षण दिए थे। इसके बाद गुरुवार 12 नवंबर को उन्हें सीओई से खेलने की मंजूरी मिल गई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का आगाज 19 नवंबर से होगा। पहला मुकाबला वेलिंगटन में खेला जाएगा। वहीं, सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च में 27 नवंबर से शुरू होगा।

ओम, रथिका, सान्या सिंगापुर क्लासिक के दूसरे दौर में



नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी ओम सेमवाल, रथिका सीलन और सान्या वत्स ने अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज करते हुए सिंगापुर क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी संदेश पलानीवेल रविकुमार हालांकि इस 15,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में हार गए। पुरुष वर्ग में विश्व के 149वें नंबर के खिलाड़ी सेमवाल ने 2-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिंगापुर के आरोन लियांग को 15-13, 6-11, 13-15, 11-9, 11-8 से हराया। महिला वर्ग में रथिका ने सिंगापुर की जयना लिम को 11-7, 12-10, 11-9 से जबकि सान्या ने मिस्र की क्लारा ड्वेरी को 10-12, 11-6, 11-8, 11-5 से हराया।

आज से आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर में आज 13 से 21 नवंबर तक खेली जाने वाली आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में 32 देशों के पुरुष और महिला खिलाड़ी खिताब के लिए मुकाबला करेंगे और प्रतियोगिता में कुल 40,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि दांव पर होगी। भारतीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर महासंघ के महासचिव सुनील बजाज ने संवाददाताओं को बताया कि प्रतियोगिता में मेजबान भारत के साथ ही अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, चीन, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, पाकिस्तान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और सऊदी अरब समेत 32 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया,''भारत में इस चैंपियनशिप का आयोजन तीसरी बार हो रहा है। इससे पहले, 1964 में कोलकाता और 2014 में बेंगलुरु में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच चौथा एक दिवसीय मैच आज

वनडे कप्तानी में डेब्यू पर छाप छोड़ना चाहेंगे श्रेयस, भारत की निगाह शृंखला जीतने पर

नई दिल्ली/संचार जगत

नियमित कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति में कमान संभालने वाले श्रेयस अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इस प्रारूप में कप्तानी के अपने पदार्पण पर विशेष छाप छोड़ना चाहेंगे जिसमें भारतीय टीम की निगाह श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने पर होगी।

भारत पांच मैचों की श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे है और टीम में कुछ बदलाव के बावजूद वह जीत का प्रबल दावेदार है। तीसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद अब न्यूजीलैंड के पास केवल श्रृंखला बराबर करने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। अब सीरीज का चौथा मैच 13 नवंबर को बे ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा।



इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजरें

न्यूजीलैंड के लिए यंग ने पिछले 10 मैचों में 212 रन बनाए हैं। वहीं, केली के बल्ले से पिछले 4 मैचों में 52.25 की औसत से 209 रन निकले हैं। भारत के लिए रोहित ने पिछले 10 मैचों में 55.78 की औसत से 502 रन बनाए हैं। वहीं, कोहली के बल्ले से पिछले 9 मैच में 393 रन निकले हैं। डफी ने पिछले 7 मैचों में 11 विकेट चटकाए हैं। बरार ने पिछले 9 मैच में 15 विकेट लिए हैं।

विराट और राहुल का अच्छा प्रदर्शन

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने यहां पर इकलौती पारी में 112 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने इस मैदान पर 3 पारियों में 37.33 की औसत से 112 रन बनाए हैं। युजवेंद्र चहल ने इस मैदान पर 3 पारियों में 21.42 की औसत से 7 विकेट लिए थे। कुलदीप यादव ने यहां पर 2 वनडे में 21.00 की औसत से 4 विकेट चटकाए हैं।

संभावित एकादश

भारत : रोहित शर्मा, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), नमन धीर, अक्षर पटेल, आकिब नबी, गुरनूर बरार, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह।

न्यूजीलैंड : टिम साइफर्ट, विल यंग, फिन एलन, निक केली, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, काइल जैमीसन, जैकब डफी, मैट हेनरी और ब्रेट रैंडेल।

टेस्ट सीरीज के लिए टीम से हटे गिल

बता दें कि गिल 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला की तैयारी के लिए टीम से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह अय्यर भारत की कप्तानी करेंगे जो पहले दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। शॉर्ट पिच गेंदों के सामने उनकी कमजोरी खुलकर उजागर हो गई हैं। केएल राहुल और अंशुल कंबोज भी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए टेस्ट टीम से जुड़ गए हैं।

भारत ने बे ओवल में जीते हैं 2 वनडे मैच

भारत ने बे ओवल में अब तक 3 वनडे खेले हैं, जिसमें 2 में जीत दर्ज की है और एक में हार झेली है। बे ओवल में न्यूजीलैंड ने कुल 12 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें से 7 में जीत हासिल की है और 5 में शिकस्त का सामना किया है। इस मैदान पर दोनों टीमें 2020 में आखिरी बार आपस में भिड़ी थी, जिसे न्यूजीलैंड ने 5 विकेट से जीता था।

ऐसी है बे ओवल की पिच रिपोर्ट

बे ओवल की पिच में गेंदबाजी की तुलना में बल्लेबाजी करना आसान माना जाता है। नई गेंद से तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलती है, लेकिन पिच में एक समान उछाल के चलते ज्यादातर बल्लेबाज हावी रहते हैं। यहां पर स्पिन गेंदबाजों के लिए कुछ खास मदद नहीं है। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 268 रन है। यहां पर दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 7 बार जीत दर्ज की है।

सबालेंका को हराकर मीरा सेमीफाइनल में



नई दिल्ली/संचार जगत

मीरा एंड्रीवा ने अपने ग्रुप मैच में एरिना सबालेंका को सीधे सेटों में हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट की सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित की। तीसरी वरीयता प्राप्त एंड्रीवा ने सबालेंका को 6-4, 6-0 से हराया। वह पहले सेट में सबालेंका से 1-4 से पिछड़ रहीं थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने अगले 23 में से 20 अंक जीतकर 62 मिनट में जीत हासिल की और इस तरह से ग्रुप दो में शीर्ष स्थान हासिल किया। एंड्रीवा ने राउंड रोबिन आधार पर होने वाले ग्रुप मैचों में अपने दोनों मैच जीते हैं।

शीर्ष आठ महिला खिलाड़ियों के बीच स्पर्धा

इस ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी खिलाड़ी का निर्धारण सबालेंका और एलिना स्वितोलिना के बीच होने वाले मैच से होगा। सबालेंका ने अपने पहले मैच में कैरोलिना मुचोवा को सीधे सेटों में हराया था। शीर्ष आठ महिला खिलाड़ियों के बीच खेली जा रही इस प्रतियोगिता में स्वितोलिना को अपने पहले मैच में एंड्रीवा से 6-4, 6-0 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद मुचोवा को 3-6, 6-2, 6-2 से हराकर शानदार वापसी की।

बैडमिंटन

श्रीकांत और लक्ष्य कुमामोतो मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में



नई दिल्ली/संचार जगत

भारत के किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन ने बृहस्पतिवार को यहां कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अलग-अलग अंदाज में जीत हासिल करके पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त और विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी कोदाई नाराओका को 21-15, 11-21, 21-18 से हराकर उलटफेर किया। अब उनका मुकाबला जापान के एक अन्य खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज कोकी वातानाबे से होगा।

लक्ष्य ने चीन के डोंग को हराया

जर्मनी में हाइलो ओपन जीतने वाले आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के डोंग तियान याओ को 21-8, 21-14 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज लक्ष्य वर्तमान में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर रैंकिंग में 10वें स्थान पर हैं और चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी।

युवा ओलंपिक : अंबेकर मीतेई ने रचा इतिहास भारत को दिलाया मुक्केबाजी का पहला गोल्ड

डकार (सेनेगल)। एल अंबेकर मीतेई ने युवा ओलंपिक खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में बृहस्पतिवार को यहां स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। अंबेकर मीतेई पुरुषों के 50 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में आयरलैंड के क्रिस्टियन जुबानी को 3-2 से शिकस्त देकर इस प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले देश के पहले मुक्केबाज बन गये। इससे पहले इस प्रतियोगिता में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2010 के युवा ओलंपिक में रहा था जब शिव थापा ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता था। विकास कृष्ण ने भी 2010 में सिंगापुर में आयोजित युवा ओलंपिक में कांस्य पदक हासिल किया था। पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में अभ्यास करने वाले अंबेकर ने फाइनल तक का सफर शानदार अंदाज में तय किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल मुकाबले के पहले ही दौर में नामीबिया के अब्राहम कालेन्गा को मुकाबले से बाहर कर दिया। इसके बाद सेमीफाइनल में कोलंबिया के इज्जोन जेफ्री गैलेया अरेवालो को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। मणिपुर के अंबेकर ने फाइनल में भी गजब का संयम और आत्मविश्वास दिखाया।

विवान ने ट्रैप स्पर्धा में जीता रजत, ओलंपिक कोटा हासिल किया

दोहा। जयपुर के विवान कपूर बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुष ट्रैप स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने से बेहद करीब से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस उपलब्धि से उन्होंने हालांकि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भारत का एक कोटा भी पक्का कर दिया। उनसे पहले पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जयपाल मालवीय और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतने वाले नीरज कुमार भारत के लिए ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

शूट ऑफ में एक निशाना चूका : हालांकि शूट-ऑफ में विवान एक क्ले बर्ड पर निशाना लगाने से चूक गए और कुवैत के अब्दुलरहमान अलफैहान ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। निर्धारित मुकाबले में दोनों निशानेबाजों ने 30 में से 29 अंक हासिल किए थे जिसके बाद विजेता का फैसला शूट-ऑफ से हुआ। इस रजत पदक के साथ विवान अत्यंत प्रतिस्पर्धी पुरुष ट्रैप स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप पदक जीतने वाले चौथे भारतीय बन गए।

रायचंदानी के 93 रन से भारत फाइनल में

अंडर-19 एशिया कप खिताब के लिए भारत-पाक में भिड़ंत कल

नई दिल्ली/संचार जगत

कप्तान लक्ष्य रायचंदानी की 93 रन की शानदार पारी के दम पर भारत ने बृहस्पतिवार को यहां अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर फाइनल में जगह बना ली।

खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से शनिवार 14 नवंबर को होगा। तेज गेंदबाज ईशान सूद की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने अफगानिस्तान को निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 227 रन के स्कोर पर रोक दिया। भारत ने 36.5 ओवर में दो विकेट पर 230 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इससे पहले पाकिस्तान ने दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश को नौ विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। पाकिस्तान ने लीग चरण में भी भारत को शिकस्त दी थी।



रायचंदानी, सहवाग व विनीत ने ठोकी फिफ्टी

कप्तान रायचंदानी ने 90 गेंद की पारी में 13 चौके और एक छक्का जड़ा। उन्हें आर्यवीर सहवाग (51) और छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाने वाले वीके विनीत (नाबाद 57) का अच्छा साथ मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए रायचंदानी ने अफगानिस्तान के मोहम्मद अली की गेंद पर जोरदार पुल शॉट लगाकर 49 रन तक पहुंचे लक्ष्य ने अपनी पारी की 39वीं गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने सहवाग के साथ पहले विकेट के लिए 103 गेंद में 117 और विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 90 गेंद में 77 रन की साझेदारी कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।

ग्रैंडमास्टर प्रज्ञाननंदा और एरिगैसी ने फास्ट क्लासिकल में ड्रॉ के साथ शुरू किया अभियान

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा और अर्जुन एरिगैसी ने यहां टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट की 'फास्ट क्लासिकल' प्रतियोगिता में दो-दो ड्रॉ के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

प्रज्ञाननंदा को ग्रुप बी में जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने दो बार बराबरी पर रोका, जबकि एरिगैसी ने ग्रुप डी में अमेरिकी खिलाड़ी हैंस नीमन के खिलाफ दोनों बाजियां ड्रॉ खेली। इस तरह से दोनों भारतीय खिलाड़ियों के अब दो-दो अंक हैं।





आर वैशाली की शुरूआत अच्छी नहीं रही

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वह अपने पहले मैच में फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव से हार गई जबकि दूसरा मैच उन्होंने ड्रॉ कराया। महिला विश्व चैंपियनशिप की चैलेंजर 25 वर्षीय वैशाली ग्रुप डी में अंतिम स्थान पर हैं। इस ग्रुप में वाचियर-लाग्रेव सबसे आगे हैं। एरिगैसी अपने ग्रुप में नीमन, वेस्ली सो और बिबिसारा असाउबायेवा के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

ग्रुप बी में फैबियानो व लिएम शीर्ष पर

ग्रुप बी में फैबियानो कारुआना और लिएम ले चार-चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि प्रज्ञाननंदा और कीमर दो दो अंक लेकर बराबरी पर हैं। ग्रुप ए में अलीरेजा फिरोजजा और जान-क्रिस्टोफ डुडा में चार-चार अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। इयान नेपोम्नियात्ची ने ग्रुप सी में चार अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली है।

कार्लसन को ड्रा से करना पड़ा संतोष

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी के खिलाफ दो ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। दोनों खिलाड़ी ग्रुप सी में दो-दो अंकों के साथ तीसरे स्थान हैं। फास्ट क्लासिकल प्रारूप में प्रत्येक खिलाड़ी को 45 मिनट का समय मिलता है। पहली चाल से प्रत्येक चाल पर 30 सेकंड का अतिरिक्त समय जुड़ता जाता है।

पत्नी वियोग आरोपी पार्थ प्रतिम नंदी ने फ्लाइट के टॉयलेट में रखा हाईजैक का नोट, कोलकाता एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार

बीमार पत्नी को छोड़कर जा रहा था विदेश, विमान में सवार होने के बाद बदला मन, इसलिए हाईजैक की कहानी गढ़ी

नई दिल्ली/संचार जगत



कोलकाता से मुंबई जा रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब विमान के टॉयलेट में हाईजैक करने की धमकी वाला एक नोट मिला। इस घटना के बाद विमान की सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया और सभी यात्रियों से पूछताछ की गई। जांच में पता चला कि यह धमकी किसी आतंकी साजिश का हिस्सा नहीं, बल्कि एक 56 वर्षीय कैंसर मरीज की हरकत थी। आरोपी ने कथित तौर पर अपनी बीमार पत्नी को अकेला छोड़कर विदेश नहीं जाने के लिए यह कदम उठाया था।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान पार्थ प्रतिम नंदी के रूप में हुई है। वह कोलकाता के सोदेपुर इलाके का रहने वाला है। बुधवार को वह एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2772 से कोलकाता से मुंबई जा रहा था। मुंबई पहुंचने के बाद उसे विदेश में नौकरी के लिए दूसरी फ्लाइट पकड़नी थी। हालांकि, विमान में सवार होने के बाद आखिरी समय पर उसका मन बदल गया। उसे लगा कि वह अपनी बीमार पत्नी को अकेला छोड़कर विदेश नहीं जाना चाहता। इसके बाद उसने फ्लाइट को रुकवाने के लिए एक ऐसा कदम उठाया, जिससे एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि पार्थ प्रतिम नंदी ने विमान के टॉयलेट में एक सफेद कार्ड पर हाईजैक की धमकी लिखी और उसे वहीं छोड़ दिया। उसका इरादा था कि धमकी मिलने के बाद विमान की उड़ान रद्द हो जाएगी और उसे वापस घर जाने का मौका मिल जाएगा। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि उस समय उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह अपनी पत्नी को छोड़कर विदेश नहीं जाना चाहता था।

हैंडराइटिंग जांच से खुला राज

पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच और पूछताछ में आरोपी ने धमकी भरा नोट लिखने की बात कबूल कर ली। नोट की हैंडराइटिंग का फॉरेंसिक विश्लेषण कराया गया, जिसमें पुष्टि हुई कि लिखावट पार्थ प्रतिम नंदी की ही थी। पुलिस को उसके पास से कुछ ऐसे सफेद कार्ड भी मिले, जिनका इस्तेमाल धमकी वाला नोट लिखने के लिए किया गया था। कोलकाता एयरपोर्ट अथॉरिटी ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2772 (कोलकाता-मुंबई) में हुई घटना के संबंध में एक यात्री को गिरफ्तार कर एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है।

विमान में हाईजैक की धमकी मिलने से मचा हड़कंप

एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2772 को बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मुंबई के लिए उड़ान भरनी थी। लेकिन उड़ान से पहले विमान के टॉयलेट में हाईजैक की धमकी वाला नोट मिला। एयरपोर्ट निदेशक विक्रम सिंह के मुताबिक, नोट मिलने के बाद विमान के पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को हाईजैक अलर्ट भेजा। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। एहतियात के तौर पर विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया। सुरक्षा कर्मियों ने पूरे विमान को घेर लिया और उसकी बारीकी से तलाशी ली। विमान में सवार सभी 105 यात्रियों से भी पूछताछ की गई। इस दौरान पार्थ प्रतिम नंदी पुलिस के शक के दायरे में आया, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया।

7 घंटे की देरी के बाद मुंबई के लिए रवाना हुआ विमान: हाईजैक की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने तय प्रोटोकॉल के तहत विमान की तलाशी और जरूरी जांच पूरी की। इसके बाद सभी आवश्यक मंजूरी मिलने पर फ्लाइट ने बुधवार शाम 5:38 बजे कोलकाता से मुंबई के लिए उड़ान भरी। इस तरह विमान अपने निर्धारित समय से करीब सात घंटे की देरी से रवाना हुआ।

यूपी में ओवैसी-चंद्रशेखर ने बनाया अब नया मोर्चा

नई दिल्ली/संचार जगत

यूपी की राजनीति में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले नया मोर्चा उभर आया है। इस मोर्चे का नाम सामाजिक परिवर्तन मोर्चा है।

गुरुवार को इसका ऐलान एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद ने किया। दोनों नेता साथ आए और यह विकल्प खड़ा करने का ऐलान किया तो वहीं आजाद ने यह भी कहा कि इसे तीसरा मोर्चा न कहा जाए। हम मुख्यधारा की ही राजनीति कर रहे हैं। इस तरह दलित और मुसलमान वोटों के गठजोड़ के साथ राजनीति का एक नया समीकरण तैयार करने की कोशिश हो रही है। यादव और मुस्लिम वोटों का समीकरण सपा चलाती रही है, लेकिन दलित और मुस्लिम समीकरण बसपा के कमजोर होने के बाद से ही नेपथ्य में है। मोटे तौर पर दोनों की नजर 150 सीटों पर है। अब उस पुराने समीकरण को फिर से जिंदा करने की कोशिशें हो रही हैं। ऐसे में सवाल यह है कि इस वोट बैंक का कितना असर है, जिसके सहारे चंद्रशेखर और ओवैसी एक नया विकल्प खड़ा करने की जुगत में हैं।

150 विधानसभा सीटों पर नजर

यूपी की राजनीति में इन दिनों अखिलेश यादव पीडीए समीकरण की बात कर रहे हैं, लेकिन मुख्य तौर पर वह पिछड़ों की नुमाइंदगी करते दिखते हैं। वह भी खुद भी पिछड़ा समाज से आते हैं। ऐसे में दलित वर्ग में भी नेतृत्व को लेकर इच्छा है। उसे चंद्रशेखर आजाद दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं ओवैसी का कहना है कि जहीर के वोट से अहीर ही हर बार सीएम क्यों बनेगा। इस तरह वह मुस्लिम वोटों का यादव समाज से अलग ध्रुवीकरण करने का प्रयास कर रहे हैं।

राहुल गांधी हैदराबाद में डिलीवरी बॉय-कैब ड्राइवरों से मिलेंगे

संचार जगत



नई दिल्ली। राहुल गांधी 14 नवंबर को हैदराबाद में गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के कार्यक्रम और रैली में शामिल होंगे। इस दौरान डिलीवरी एग्जीक्यूटिव, कैब ड्राइवर और ऐप आधारित सेवाओं से जुड़े अन्य कर्मचारियों से बातचीत करेंगे। वर्कर्स राहुल के सामने अपनी समस्याएं और मांगें रखेंगे। कार्यक्रम हैदराबाद इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के पास होगा। इसके साथ गिग वर्कर्स की छोटी रैली भी निकाली जाएगी। इस दौरान वर्कर्स के लिए वेलफेयर बोर्ड की शुरुआत भी होगी, जो राज्य में उनके लिए कानून और कल्याणकारी योजनाएं लागू करेगा। कार्यक्रम में गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार सुरक्षा, रजिस्ट्रेशन और शिकायतों के समाधान पर चर्चा होगी।

वैन के गहरी खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत

रक्सौल। नेपाल में छठ पर्व पर घर लौट रहे लोगों के साथ दर्दनाक हादसा हो गया। काठमांडू से सर्लाही जा रही यात्रियों से भरी वैन 700 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हैं। मृतकों में तीन महिलाएं, दो बच्चियां और पांच पुरुष शामिल हैं। बताया जा रहा है कि मृतकों में अधिकांश सर्लाही जिले के निवासी थे। हादसा भीमफेदी गांवपालिका-6 स्थित चिसापानीगढ़ी के पास हुआ। बताया जा रहा है कि चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और वैन सड़क से नीचे गहरी खाई में गिर गयी। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गयी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस कार्यालय मकवानपुर के पुलिस अधीक्षक श्याम खत्री सहित नेपाल पुलिस और अन्य सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। बचाव दल ने खाई से घायलों को बाहर निकाला।

पीएम मोदी कुशल वक्ता और मेहनती इंसान: सैम पित्रोदा

संचार जगत



नई दिल्ली। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुशल वक्ता और मेहनती इंसान बताया है। उन्होंने कहा कि भले ही उनके बीच वैचारिक मतभेद हों लेकिन वो मानते हैं कि उनके गुजराती मित्र बहुत सहृदयी हैं। पित्रोदा की ये टिप्पणी कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के उस कमेंट पर आई जिसमें उन्होंने पीएम मोदी को कुशल वक्ता करार दिया था। पित्रोदा ने कहा कि मैं एक इंसान के तौर पर उनका काफी सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा कि वे मेरे गुजराती मित्र हैं। व्यक्तिगत तौर पर वे बहुत ही आत्मीय, दयालु, स्नेही और ख्याल रखने शख्स हैं। बेशक, वे एक अच्छे वक्ता हैं और मेहनती भी हैं। हमारी आपस में अच्छी बनती है।

▶ दिल्ली के एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

पीएम बोले- कुछ लोग समझते हैं देश का संविधान, लोकतंत्र उनकी जेब में है

प्रधानमंत्री ने गुजरात को मिले एक प्रतिष्ठित सम्मान को लेकर भी विपक्ष को घेरा

नई दिल्ली/संचार जगत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक ओर जहां किसानों के हितों की रक्षा की बात कही, वहीं दूसरी ओर विपक्ष पर भी तीखा हमला बोला। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने हर परिस्थिति में किसानों पर आंच नहीं आने दी है। पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग समझते हैं कि देश का संविधान और लोकतंत्र उनकी जेब में है।

आज वही लोग लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर ज्ञान देते फिरते हैं, लेकिन जब उनके पास सत्ता थी, तब उनका रवैया कुछ और ही था। कृषि और किसानों के कल्याण का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों का केंद्र बिंदु अन्नदाता हैं और सरकार ने किसानों पर आंच नहीं आने दी है। इसी दौरान उन्होंने विपक्ष को घेरते हुए एक पुराने घटनाक्रम को याद किया। पीएम ने कहा कि जब प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों के आकलन और रैंकिंग के आधार पर गुजरात को सम्मान मिला था, तब दिल्ली की सत्ता पर काबिज लोगों को यह बात रास नहीं आई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि उस समय की सरकार ने शोधकर्ताओं (रिसर्च करने वालों) पर दबाव बनाया और उन्हें बाकायदा आदेश दिया कि अब कोई भी रिपोर्ट प्रकाशित करने से पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी। इस घटना को स्वतंत्र शोध और लोकतांत्रिक व्यवस्था के संदर्भ में उठाते हुए पीएम ने सवाल किया कि जिन लोगों ने अपने कार्यकाल में ऐसा रवैया अपनाया, वे आज लोकतंत्र की बात किस आधार पर करते हैं।

कृषि क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का किया जिक्र

पीएम मोदी ने कहा कि खेती से जुड़ी नीतियों और तौर-तरीकों में समय के साथ बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें इस बात से ही संतुष्ट हो गईं कि देश के किसानों ने अनाज के भंडार भर दिए, लेकिन इसके बाद किसानों को क्या मिला, इस पर ध्यान नहीं दिया गया। दुनिया, बाजार, लोगों की जरूरतें, खानपान, मौसम और तकनीक लगातार बदल रहे हैं। ऐसे में किसानों को भी नए सिरे से सशक्त करने की जरूरत थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते एक दशक में देश ने इस बदलाव के साथ कदम मिलाने की कोशिश की है। इसका नतीजा है कि आज भारत हर साल 4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कृषि निर्यात कर रहा है। यह पैसा किसानों की आय बढ़ाने में मदद कर रहा है। उन्होंने बताया कि दूध, दाल और जूट के उत्पादन में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है।

कुछ लोग संविधान की कापी लेकर घूम रहे

विपक्ष पर तंज कसते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आजकल कुछ लोग संविधान को कापी अपनी जेब से निकालते हैं। देश कितना समझदार है, और ये सोचते हैं कि देश का संविधान देश का लोकतंत्र तो उनकी जेब में है। सरकार में न रहते हुए भी ये सत्ता का अलग ही नशा है उनको, लेकिन जब ये लोग खुद सत्ता में थे, तो उनके चलते कैसे थे? मैं इसके लिए आपको एक छोटा सा किस्सा सुनाता हूं. पीएम मोदी ने कहा कि आपको याद होगा। एक जमाने में आप मीडिया के लोग बस परफॉर्म करने वाले राज्यों की रैंकिंग करते थे ऐसा ही इकोनॉमी से जुड़ी रैंकिंग में, गुजरात नंबर वन आया। तब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था। और जिस संस्था ने गुजरात को नंबर वन रैंकिंग दी थी, उसका नाम देश के पूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर था। इतना ही हिंट काफी है, बाकी आप नाम तो खोज ही लेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि देश के प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों की रिसर्च के आधार पर दिया था, लेकिन तब दिल्ली की सत्ता पर काबिज लोगों को। गुजरात का सम्मान रास नहीं आया। और उन्होंने रिसर्च करने वालों को बाकायदा, आदेश दिया कि ऐसे नहीं चलेगा। अब कोई भी रिपोर्ट छापने से पहले हमसे मंजूरी लेनी होगी। प्रधानमंत्री का यह बयान विपक्ष के उन नेताओं पर सीधा पलटवार है, जो लगातार केंद्र सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक मूल्यों को लेकर सवाल उठाते रहे हैं।

मोहन भागवत ने बताया दीये जलाने का वैज्ञानिक कारण

वातावरण को शुद्ध करने में मिलती थी मदद

नई दिल्ली/संचार जगत



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि पहले के समय में पटाखे रासायनिक पदार्थों से नहीं बनाए जाते थे।

पहले रासायनिक पदार्थों से नहीं बनते थे पटाखे

उन्होंने कहा कि उस समय इस्तेमाल होने वाले पटाखों का धुआं कीड़े-मकोड़ों और फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों को मारने में मदद करता था। इससे वातावरण भी शुद्ध होता था। त्योहारों से जुड़ी कई परंपराओं के पीछे वैज्ञानिक कारण समझाते हुए उन्होंने यह बात कही। इस दौरान उन्होंने दीये जलाने के महत्व के बारे में भी बताया। मोहन भागवत का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पटाखों से होने वाले प्रदूषण को लेकर चिंता बढ़ रही है।

दिवाली के बाद दिल्ली और मुंबई समेत कई शहरों में प्रदूषण का असर देखने को मिलता है। नागपुर में आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि त्योहारों से जुड़ी कई पारंपरिक प्रथाओं के पीछे वैज्ञानिक कारण हैं। उन्होंने कहा कि पुराने समय में पटाखों का इस्तेमाल इसलिए किया जाता था क्योंकि उस उद्देश्य को पूरा करने का कोई दूसरा साधन उपलब्ध नहीं था। उन्होंने कहा, पहले के समय में पटाखे आज की तरह रासायनिक पदार्थों से नहीं बनाए जाते थे। उनका धुआं कीड़े-मकोड़ों और फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों को मारने में मदद करता था।

समाज को जीवंत बनाए रखते हैं त्योहार

दिवाली पर घी और तेल के दीये जलाने के महत्व को समझाते हुए भागवत ने कहा, जब घी या तेल से जलने वाले दीपक रोशन किए जाते थे तो वे वातावरण में एक खास तरह की हवा तैयार करते थे। इन परंपराओं के पीछे भी विज्ञान है। भागवत ने लोगों से पारंपरिक रीति-रिवाजों के महत्व को समझने और त्योहारों को सही भावना के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे इंसानों के साथ-साथ पर्यावरण को भी फायदा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि त्योहार और उत्सव समाज का अभिन्न हिस्सा रहे हैं और विरोध के बावजूद आगे भी मनाए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा, योहार समाज को जीवंत बनाए रखते हैं। कोई कितना भी इन्हें रोकने की कोशिश करे, ये बंद नहीं होंगे क्योंकि समाज को जीवंत बनाए रखने के लिए ये जरूरी हैं।

सीएम योगी बोले, अब उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुका है बुलडोजर



लखनऊ, आरएनएन। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कंपनियों से राज्य में बुलडोजर बनाने की फैक्ट्रियां लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बुलडोजर अब उत्तर प्रदेश की पहचान (ब्रांड) बन चुका है। सीएम योगी ने गुरुवार को गौतम बुद्ध नगर के जेवर में ट्रैक्टर बनाने वाली कंपनी सीएनएच इंडस्ट्रियल के कारखाने का वर्चुअल शिलान्यास किया। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) में बनने वाले इस कारखाने पर 12 सौ करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश होगा। इस समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए योगी ने कहा, आपने यूपी के बुलडोजर की चर्चा जरूर सुनी होगी। इसलिए मैं सीएनएच से कहूंगा कि आप यहां ट्रैक्टर की मैन्युफैक्चरिंग के लिए आए हैं, लेकिन यदि आप यूपी में बुलडोजर भी बनाएंगे तो देश-विदेश में स्वतः ही इसकी भारी डिमांड होगी, क्योंकि यह पहले ही यहां का एक ब्रांड बन चुका है।

छेड़छाड़ का विरोध किया तो महिला को लोकल ट्रेन से धक्का दिया

मुंबई/ आरएनएन। मुंबई लोकल ट्रेन में कथित छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक महिला गंभीर हादसे का शिकार हो गई। पीड़िता का आरोप है कि एक व्यक्ति ने यात्रा के दौरान उसके साथ बार-बार गलत हरकत की और विरोध करने पर उसे ट्रेन से धक्का दे दिया, जिससे उसका एक हाथ कट गया। पीड़िता ने बताया कि वह नायगांव जा रही थी। उसके मुताबिक, ट्रेन में भीड़ के दौरान एक व्यक्ति लगातार उसे गलत तरीके से छू रहा था। शुरुआत में उसे लगा कि भीड़ की वजह से धक्का लग रहा है, लेकिन बाद में उसे एहसास हुआ कि व्यक्ति जानबूझकर ऐसा कर रहा है। पीड़िता का आरोप है कि दोनों के बीच बहस बढ़ने के बाद उसने अपनी चप्पल से आरोपी को मारा, जिसके जवाब में आरोपी ने भी उसके साथ मारपीट की। इसके बाद कथित तौर पर आरोपी ने उसे ट्रेन से धक्का दे दिया।

विधायक की मांग, दो की हत्या का बदला, चार से लिया जाना चाहिए



किश्तवाड़, आरएनएन। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में बुधवार को लापता हुए दो स्पेशल पुलिस ऑफिसर (एसपीओ) के शव गुरुवार को इच्छन के धेरना जंगलों से बरामद हुए। एसपीओ बाबी चंद (57) और रशपाल कुमार (45) की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस बीच किश्तवाड़ से बीजेपी विधायक शगुन परिहार ने इस हमले का बदला लेने की मांग केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से की है। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है, मैं गृहमंत्री से यह मांग करती हूं कि इन दो एसपीओ की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। शगुन ने कहा, हम मांग करते हैं कि 2 का बदला 4 से लिया जाना चाहिए।

पीएम मोदी ने दी गुजराती कांग्रेसी दोस्त को दिवाली की शुभकामनाएं

नई दिल्ली, आरएनएन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चीफ सैम पित्रोदा को दीवाली और गुजराती नए साल की बधाई दी। यह बधाई सैम पित्रौदा के उस बयान के बाद आई जिसमें उन्होंने पीएम मोदी को अच्छा दोस्त बताया था। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आपको सैम भाई और अंजना बेन को दिवाली और नूतन वर्ष अभिनंदन की शुभकामनाएं। आने वाले आनंदमय और स्वस्थ वर्ष के लिए प्रार्थना करता हूं। जय जगन्नाथ। पीएम मोदी के इस संदेश को सैम पित्रोदा के हालिया बयान के संदर्भ में भी देखा जा रहा है। सैम पित्रोदा ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना गुजराती दोस्त बताते हुए कहा था कि उनके साथ उनके व्यक्तिगत संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण रहे हैं।

सीएम भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री निवास परतनोट माता मंदिर की पुनर्विकास परियोजना की हुई समीक्षा

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर तनोट माता मंदिर की पुनर्विकास परियोजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विश्व प्रसिद्ध तनोट माता मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। इन श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए राज्य सरकार ने मंदिर के समग्र विकास की योजना बनाई है। इसके अंतर्गत यात्रियों के ठहराव, पार्किंग सहित विभिन्न बेहतर सुविधाएं विकसित होंगी। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने बताया कि राज्य सरकार तनोट माता मंदिर की पुनर्विकास परियोजना के लिए भूमि आवंटित कर चुकी है।

वहीं, परियोजना रिपोर्ट भी तैयार हो चुकी है।

बिना बोले माधवराव सिंधिया समझ जाते थे सोनिया गांधी की परेशानी

अपनी किताब में सोनिया का खुलासा, अर्जुन सिंह की सलाह को मानती थीं अहम

नई दिल्ली/संचार जगत



कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपनी किताब बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव में उन नेताओं को याद किया है, जिन्होंने पार्टी में उनके शुरुआती राजनीतिक सफर के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। किताब में सोनिया ने कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं के साथ अपने अनुभव साझा किए हैं।

सोनिया गांधी ने मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह को कांग्रेस के सबसे अनुभवी नेताओं में गिना है। उनके मुताबिक, अर्जुन सिंह की खासियत थी कि वह किसी भी गंभीर मुद्दे पर सभी की राय सुनने के बाद बहुत संक्षेप में अपनी बात रखते थे। उनकी एक टिप्पणी ही चर्चा के पूरे विषय का सार सामने रख देती थी। सोनिया ने उन्हें बेहद समझदार और राजनीतिक अनुभव से भरपूर नेता बताया है। सोनिया गांधी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया को भी याद किया है। उन्होंने बताया कि संसद में जब कभी वह असहज या अनिश्चित महसूस करती थीं, तो सिंधिया बिना कहे उनकी परेशानी समझ जाते थे और मदद के लिए आगे आते थे। सोनिया ने माधवराव सिंधिया के कम उम्र में निधन को अपने लिए बड़ी क्षति बताया है।

अजय सिंह ने जताया आभार: पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी द्वारा अपनी पुस्तक में उनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह (दाऊ साहब) के राजनीतिक कौशल, अनुभव और दूरदर्शिता का उल्लेख किए जाने पर आभार व्यक्त किया है। अजय सिंह ने कहा कि दाऊ साहब के नहीं रहने के बावजूद कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उनके अनुभव, दूरदर्शिता और निष्ठा को सम्मानपूर्वक याद किया जाना गौरव की बात है।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।